हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, बुधवार 7 जनवरी 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड


तापमान

अधिकतम 26 डिग्री

न्यूनतम 11 डिग्री


11 महानदी मुख्य नहर पर पुल निर्माण का कलेक्टर ने ...





12 सब्जी बिक्री को लेकर गोल बाजार और घड़ी चौक के ...




## खबर संक्षेप

### पेंशनरों की मासिक बैठक आज

**जीजामगांव।** पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील इकाई भखारा की मासिक बैठक 7 जनवरी बुधवार को 12 बजे से रखी गई है जिसमें जन्मदिवस वालों को बधाई एवं नये सदस्यों का सम्मान तथा दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। यह जानकारी अध्यक्ष भगवानीराम शांडिल्य एवं सचिव शत्रुहनलाल साहू ने दी है।

### मड़ेली में रामकथा 9 से

**जीजामगांव।** ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम मड़ेली में दिव्य रामकथा का आयोजन 9 से 11 जनवरी तक दोपहर 2 से किया गया है। कथावाचक मानस केशरी प्रमोद



शास्त्री बेमेतरा होंगे। आयोजक समिति ने बताया कि बाजार चौक मड़ेली में प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 2 तक प्रख्यात मानस मंडली अपनी प्रस्तुति देगी। दोपहर 2 बजे राम कथा हरि इच्छा तक आयोजित होगी। संध्याकालीन 6 से 8 बजे तक जय तुलसी रामधुनी मंडली मड़ेली का कार्यक्रम होगा। आयोजन की तैयारी में ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

### सरबदा में श्रीमद् भागवत कथा 11 से

**जीजामगांव।** दर्श मानस मंडली एवं ग्रामवासियों के सहयोग से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन



11 से 19 जनवरी तक किया गया है। कथावाचक कृष्ण कुमार तिवारी होंगे। आयोजक समिति ने बताया कि कथा सुबह 10.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक एवं दोपहर 3 बजे से संध्या 5.30 बजे तक होगी। आयोजन की तैयारी में आयोजक समिति सहित ग्रामीणजन जुटे हुए हैं।

### जीजामगांव में शिव महापुराण कथा 15 से

**जीजामगांव।** शिवशक्ति सेवा समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम जीजामगांव में सात दिवसीय संगीतमय शिव महापुराण कथा का



आयोजन 15 से 22 जनवरी तक किया गया है। कथावाचक हलधरनाथ जोगी कोपरा राजिम होंगे। प्रथम दिवस 15 जनवरी को देव स्थापना, 16 जनवरी को शिव कथा प्रारम्भ, 17 जनवरी को शिवतत्व महत्तम, 18 जनवरी नन्दी जन्म कथा, 19 जनवरी को शिव पार्वती विवाह, 20 जनवरी को कार्तिक जन्म, 21 जनवरी गणेश जन्म, 22 जनवरी शिव गीता हवन होगा। आयोजक समिति ने बताया कि प्रतिदिन सुबह पार्थिव शिवलिंग की पूजा होगी।

संगठन की विचारधारा रास नहीं आई, नौ नक्सली घटना में थी शामिल

# महिला नक्सली कमांडर ने किया सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विभिन्न राज्यों व जिलो में हुई नौ नक्सली घटना में शामिल इनामी महिला नक्सली कमांडर ने एसपी के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। आत्मसमर्पित महिला नक्सली कमांडर पर शासन द्वारा पांच लाख का इनाम घोषित किया गया था।

पुलिस के अनुसार वर्ष 2005 से भूमिका उर्फ गीता उर्फ लता उर्फ सोमारी उम्र 37 वर्ष ग्राम पुसनार थाना गुंगालर जिला बीजापुर निवासी माओवादी संगठन में सक्रिय थी। लंबे समय से संगठन में रहने के दौरान दाम्पत्य एवं पारिवारिक जीवन से वंचित रहने, भेदभावपूर्ण व्यवहार तथा संगठन की विचारधारा से निराश व क्षुब्ध होकर महिला नक्सली कमांडर भूमिका उर्फ गीता ने मुख्यधारा से हटने का निर्णय लिया। वहीं छत्तीसगढ़ शासन की आत्मसमर्पण एवं पुर्नवास नीति तथा धमतरी पुलिस द्वारा लगातार किए जा रहे आपरेशन, सिविक एक्शन एवं व्यापक प्रचार प्रचार से प्रभावित होकर नगरी एरिया कमेटी की सदस्य एवं गोबरा एलओएस कमांडर भूमिका उर्फ गीता ने मंगलवार को एसपी सूरजसिंह परिहार एवं एएसपी शैलेंद्र पांडेय के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। माओवादी उन्मूलन अभियान के तहत पुलिस मुख्यालय के सतत मार्गदर्शन और पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश कुमार मिश्रा के निर्देशन में आत्मसमर्पण कराया गया है। शासन द्वारा महिला नक्सली कमांडर पर पांच लाख रूपए का इनाम घोषित था।

## शासन ने रखा था पांच लाख का इनाम





### एलओएस कमांडर भूमिका का नक्सली सफर

महिला नक्सली भूमिका उर्फ गीता वर्ष 2005 से माओवादी संगठन में सक्रिय हुई थी। प्रारंभिक प्रशिक्षण के बाद वह वर्ष 2010 तक प्लाटून 01 में रही। वर्ष 2010 में ओडिशा राज्य कमेटी में स्थानांतरित होकर विभिन्न कमेटियों में सक्रिय रहती हुई 2011 से 2019 तक सीसीएम संग्राम की गार्ड रही। उसके बाद 2019 से 2023 तक सोनापाली एरिया कमेटी में एसीएम तथा सितंबर 2023 में गोबरा एलओएस कमांडर के रूप में कार्यरत रही। वर्तमान में संगठन में सदस्यों की संख्या कम होने के कारण भूमिका उर्फ गीता नगरी एवं सीतानदी एरिया कमेटी के साथ संयुक्त रूप से सक्रिय थी।

### 50 हजार की प्रोत्साहन राशि दी गई

गोबरा एलओएस कमांडर महिला नक्सली भूमिका उर्फ गीता के नक्सली गतिविधियों में शामिल रहने पर उसके खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत आपराधिक मामले दर्ज हैं। महिला नक्सली के आत्मसमर्पण करने पर छत्तीसगढ़ शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत उसे 50 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

### इन नक्सली घटनाओं में रही शामिल

आत्मसमर्पित महिला नक्सली कमांडर भूमिका उर्फ गीता विभिन्न राज्यों व जिलों में हुई नक्सली घटनाओं में शामिल रही है। इन घटनाओं में वर्ष 2010 में ओडिशा के पड़कीपाली/जिला महासमुंद में हुई मुठभेड़ में 8 नक्सली मारे गए थे। इस दौरान एक ग्रामीण की मृत्यु हो गई थी तथा एक नक्सली लापता हो गया। वर्ष 2014 में मैनपुर के मोतीपानी के जंगल में हुई मुठभेड़ में शामिल रही है। वर्ष 2016 में नुआपाड़ा/ओडिशा कमलावाडी के जंगल में हुई मुठभेड़ में भूमिका शामिल रही है। इसी वर्ष नुआपाड़ा/ओडिशा में पोतेलपाड़ा में हुई एक अन्य मुठभेड में सक्रिय रही। वर्ष 2018 में जिला बीजापुर के लियेनार जंगल में घर लौटते समय मुठभेड हुई थी जिसमें 8 नक्सली मारे गए थे। इसी तरह गरियाबंद के ताराझर जंगल, वर्ष 2024 में धमतरी के एकावारी के जंगल में हुई मुठभेड़ की घटना में शामिल रही। वर्ष 2025 में धमतरी के मांदागिरी जंगल में हुई मुठभेड़ में भूमिका उर्फ गीता शामिल रही। 10 नवंबर 2025 को गरियाबंद के सेमरा जंगल में हुई मुठभेड़ की घटना में भी महिला नक्सली की संलिप्तता रही।

# समानुपात में धान का उठाव नहीं इसलिए कई केंद्रों में मेगा जाम

- छाती खरीदी केंद्र में बफर लिमिट से तीन गुना ज्यादा धान जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



खरीदी केंद्रों में जाम की समस्या से मुक्ति नहीं मिल रही है। बेतरतीब ढंग से उठाव के चलते कई खरीदी केंद्रों में जाम बफर लिमिट से तीन से चार गुना ज्यादा गया है। अब तो उन केंद्रों में धान खरीदी करने में काफी समस्या आ रही है।

धान का उठाव इस साल खरीदी केंद्रों के लिए नासूर बन गया है। विभिन्न समस्याओं के चलते राइस मिलर्स उठाव पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। वहीं संग्रहण केंद्रों में अब तक धान स्टोर करना शुरू नहीं किया गया है। इसके चलते खरीदी केंद्रों में जाम के उपर जाम लगता जा रहा है। समिति प्रबंधकों ने बताया कि उठाव में भेदभाव की स्थिति है। कई खरीदी केंद्रों से लगातार धान का उठाव हो रहा है, जबकि कई खरीदी केंद्रों में उठाव नहीं के बराबर हो रहा है। छाती खरीदी केंद्र के प्रबंधक ने बताया कि उनके केंद्र में कुल खरीदी 54,381 क्विंटल हो चुकी है। जबकि परिवहन मात्र 13,940 क्विंटल ही हुआ है। परिवहन के लिए 40,441 क्विंटल शेष है। यहां पर बफर लिमिट से तीन गुना ज्यादा धान जाम हो चुका है। अब खरीदी में काफी समस्या आ रही है। यही स्थिति रही तो खरीदी बंद हो सकती है। जानकारी के अनुसार खरीदी के लिए डीओ एनआईसी के माध्यम से ऑनलाइन काटा जा रहा है। यदि एनआईसी में व्यवस्था सुधार ली जाती है तो उठाव भी समानुपात में हो जाएगा।

### यह है खरीदी केंद्रों की स्थिति

खरीदी केंद्रों में अब प्रतिदिन खरीदी की लिमिट बढ़ा दी गई है, जिसके चलते खरीदी की रफ्तार भी 50 प्रतिशत तक बढ़ गई है। पहले रोजाना 1 लाख क्विंटल धान की खरीदी हो रही थी। अब 1 लाख 50 हजार क्विंटल से ज्यादा धान की खरीदी हो रही है। उधर धान के परिवहन की रफ्तार नहीं बढ़ पाई है। अब तक 39 लाख 59 हजार 398 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। जबकि उठाव मात्र 12 लाख 39 हजार 304 क्विंटल धान का ही हो पाया है। केंद्रों में 27 लाख क्विंटल से ज्यादा धान जाम पड़ा हुआ है।

# जिले के 18 गांवों में फसल चक्र परिवर्तन

- बेहतर काम करने वाले दो आरईओ हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में फसल चक्र परिवर्तन की लहर चल पड़ी है। 18 गांव तो ऐसे हैं, जहां पर शत- प्रतिशत फसल परिवर्तन कर लिया गया है। इनमें से दो गांव में बेहतर कार्य करने पर आरईओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ।

जिले में लंबे अरसे से डबल फसल ली जा रही है। दोनों ही सीजन में धान लेने से जमीन की सेहत खराब हो गई है। यही नहीं पानी का दुरूपयोग भी काफी हो रहा है। भू जलस्तर काफी नीचे चला गया है। स्थिति को देखते हुए कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की पहल पर पूरे जिले में फसल चक्र परिवर्तन अभियान को युद्धस्तर पर चलाया गया। किसान भी धान की खेती से हो रहे नुकसान से परेशान थे। ऐसे में जिला प्रशासन की इस मुहिम को अच्छा रिस्पांस मिला। कई गांव में शत-प्रतिशत फसल परिवर्तन किया गया है। वहीं अधिकांश गांवों में आंशिक रूप से फसल परिवर्तन किया गया है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने इस मुहिम से जुड़ने पर किसान को शुभकामनाएं दी हैं, वहीं इस अभियान का सफलतापूर्वक संचालन करने वाले ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को सम्मानित किया है।



### इन्हें मिला सम्मान

ग्राम खपरी में पिछले तीन साल से फसल चक्र परिवर्तन के लिए कृषि विभाग की कोशिश जारी थी। अब जाकर गांव के सभी किसानों ने फसल परिवर्तन किया है। जानकारी के अनुसार गांव का कुल रकबा 330 हेक्टेयर है। पिछले साल के प्रयास में यहां 135 हेक्टेयर में चने की फसल लगाई गई थी। इस बार पूरे रकबे में चने की फसल लगाई गई है। ग्राम भानपुरी में बड़े क्षेत्रफल में चना लगाया गया है। खपरी के पूर्णतः फसल चक्र परिवर्तन पर यहां के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी भाग्यश्री खलादकर को प्रशस्ति पत्र दिया गया है। इसी प्रकार देमार ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संतोष नेताम को भी प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया है।

### ट्रायकोडर्मा सूडोमोनाश का करें छिड़काव : खलादकर

चने में उकठा रोग की शिकायत काफी अधिक आ रही है, खासकर उन खेतों में जहां पिछले दो तीन साल से चने की फसल ली जा रही है। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी भाग्यश्री खलादकर ने बताया कि उकठा बीमारी की रोकथाम के लिए बीजोपचार सशक्त तरीका है। इसके बाद भी शिकायत आ रही है तो किसान दूसरी सिंचाई के बाद ट्राइकोडर्मा और सूडोमोनाश का छिड़काव कर सकते हैं। सूडोमोनाश के लिए जमीन में नमी रहना जरूरी है।

# जिले में शिक्षार्थी लाइसेंस शिविर 11 जनवरी तक

**धमतरी।** अंतर्विभागीय लीड एजेंसी (सड़क सुरक्षा) पुलिस मुख्यालय परिसर अटल नगर नवा रायपुर द्वारा सड़क उपयोगकर्ताओं को सड़क सुरक्षा की गंभीरता एवं चुनौतियों के प्रति जागरूक करने तथा बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के उद्देश्य से 1 से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में धमतरी जिले में 5 से 11 जनवरी तक सभी जनपद पंचायत धमतरी, कुरूद, मगरलोड एवं नगरी में शिक्षार्थी (लर्नर) लाइसेंस बनाए जाने हेतु विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला परिवहन अधिकारी मुजाहिद खान ने बताया कि इन शिविरों में इच्छुक व्यक्ति संबंधित जनपद पंचायत कार्यालय में उपस्थित होकर शासन द्वारा निर्धारित शुल्क का भुगतान कर अपना शिक्षार्थी लाइसेंस बनवा सकते हैं। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने आमजन से अपील हुए कहा कि आपका जीवन अमूल्य है। सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें तथा वैध लाइसेंस बनवाकर सुरक्षित यातायात को बढ़ावा दें।

# सोंढूर डूब क्षेत्र के किसान पंजीयन से वंचित

- नहीं मिलेगा समर्थन मूल्य का लाभ

**धमतरी।** सोंढूर बांध डूब क्षेत्र के किसानों ने कृषि भूमि के पंजीयन के लिए कलेक्टर से गुहार लगाई है। नगरी तहसील अंतर्गत ग्राम कसलोर के किसान कमलेश, प्रमोद, भानुप्रताप ध्रुव, टाकेश्वर साहू, शंकरलाल साहू, कैलाश भास्कर आदि ने मंगलवार को कलेक्टोरेट पहुंचकर आवेदन किया है कि वे विगत 40 वर्षों से सिंचाई विभाग की जमीन में कास्तकारी कर अपने-अपने परिवार का भरण पोषण करते आ रहे हैं जिसके एवज में सिंचाई विभाग में निर्धारित शुल्क जमा करते हैं लेकिन अभी तक वृद्धि भूमि का पंजीयन नहीं हो पाया है। इससे समिति में धान नहीं बेच पाते हैं। इससे उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ता है। उनके द्वारा पंजीयन के संबंध में जब-जब आवेदन किया जाता है, हर बार मात्र औपचारिक रूप से गिरदावरी रिपोर्ट की जांच बनाकर खानापूर्ति की जाती है। डूब क्षेत्र के परेशान किसानों ने कृषि जमीन का पंजीयन कराने की मांग की है।







वेतन मिलते ही दस दिन गायब हो जाने की शिकायत

# लापरवाह शिक्षक को स्कूल से हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगरी ब्लाक के ग्राम देवगांव प्राथमिक शाला के लापरवाह सहायक शिक्षक को हटाने की मांग कलेक्टर से की गई है। देवगांव निवासी गणेशराम नेताम, नीलांबर यादव, सदाराम यादव ने मंगलवार को कलेक्टर के नाम शिकायत पत्र में कहा है कि प्राथमिक शाला देवगांव के सहायक शिक्षक प्रेमचंद सारंग फरवरी 2024 से स्कूल में पदस्थ हैं, तब से हर माह वेतन जारी होते ही सप्ताह से 10 दिन बिना किसी सूचना के स्कूल में अनुपस्थित रहते हैं। इससे छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित होती है। इसकी शिकायत बीईओ कार्यालय नगरी में की गई है, लेकिन अब तक लापरवाह शिक्षक के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। पालक एवं ग्रामीण अपने बच्चों की उचित शिक्षा के लिए चिंतित है। शिकायतकर्ताओं ने बच्चों के भविष्य को देखते हुए कर्तव्यहीन सहायक शिक्षक को देवगांव स्कूल से अन्यत्र हटाने एवं अन्य शिक्षक को स्कूल में पदस्थ कराने की मांग की है।



### देवगांव से सरईभदर तक पक्की सड़क

देवगांव के ग्रामीणों ने देवगांव से सरईभदर तक 10 किमी पक्की सड़क निर्माण कराने की मांग कलेक्टर से की है। विष्णुराम, नरेश, सदाराम, मनोहर ने बताया कि देवगांव से सरईभदर की दूरी 10 किमी है जो उबड़-खाबड़ होने के कारण कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। हमेशा गंभीर हादसों की स्थिति बनी रहती है। उन्होंने इस मार्ग को पक्का बनाने की मांग की है।

### दुर्गा मंच में आंगनबाड़ी संचालन की मजबूरी

देवगांव के ग्रामीणों ने एक अन्य आवेदन में कलेक्टर से कहा है कि देवगांव स्थित आंगनबाड़ी क्रमांक 2 अत्यंत जर्जर हो चुका है जिसकी छत गिरने का डर हमेशा बना रहता है। परिस्थिति को देखते हुए आंगनबाड़ी केंद्र का दुर्गा मंच में संचालन करना पड़ रहा है। बच्चों के भविष्य को देखते हुए शीघ्र नवीन आंगनबाड़ी केंद्र की स्वीकृति दिलाने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### प्रवास के दौरान विधायक सावित्री ने की जनचर्चा



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के दमकसा प्रवास के दौरान विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने दमकसा चौक में क्षेत्र के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं से परिचर्चा की। परिचर्चा के दौरान 17 एवं 18 जनवरी को विकासखंड अंतर्गत ग्राम गुडफेल में आयोजित होने वाले कोलांग महोत्सव की तैयारियों को लेकर विधायक को आमंत्रित किया। आयोजकों एवं ग्रामीणों ने महोत्सव के महत्व, उसकी सांस्कृतिक पहचान और क्षेत्रीय सहभागिता की जानकारी विधायक को दी। विधायक ने कोलांग महोत्सव में शामिल होने की स्वीकृति दी।

### ग्राम कच्चे का जनसमस्या निवारण शिविर स्थगित

**कांकेर।** जिले के भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम कच्चे के हायर सेकेण्डरी स्कूल में कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार बुधवार 7 जनवरी को आयोजित था। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है।

### चारभाठा और घोठा में गांजा बेचने वाले चढ़े पुलिस के हत्थे

**कांकेर।** जिले के चारामा और भानुप्रतापपुर पुलिस ने सूखा नशा गांजा को बेचने वाले आरोपियों को दबोचा है। आरोपियों के पास से गांजा जब्त करते हुए गांजा सप्लाई करने वालों के बारे में पुलिस ने पूछताछ किया है। सूखा नशा सप्लाई करने वालों की तलाश में पुलिस जुट गई है। जानकारी के अनुसार चारामा पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि चारभाठा में सूखा नशा गांजा की बिक्री हो रही है। चारामा पुलिस ने खबर की तस्दीक करने के उपरांत एनडीपीएस एक्ट के कड़े प्रावधानों का पालन करते हुए पुलिस टीम ने गवाहों की उपस्थिति में चारभाठा के गौरा चौक स्थित एक पुराने मकान को घेराबंदी किया और संदिग्ध 59 वर्षीय युवत लाल बंजारा को धारा 50 का नोटिस देकर तलाशी लेने की सहमति ली। तलाशी के दौरान आरोपी के पुराने मकान के बीच वाले कमरे से एक सफेद मटमैला थैला बरामद हुआ। थैले की जांच करने पर उसमें प्लास्टिक की झिल्ली में भरा 1.780 किलोग्राम (कुल वजन 2.233 कि.ग्रा.) मादक पदार्थ गांजा पाया गया।

## निधन

### नंदकुमार यादव



**धमतरी।** बनियापारा वार्ड निवासी एवं यादव समाज के प्रतिष्ठित नंदकुमार यादव का 6 जनवरी मंगलवार को रात्रि में निधन हो गया। वे नलिनी, नीलू, मोहन एवं नेहा यादव के पिताजी थे। उनकी अंतिम यात्रा आज 7 जनवरी को सुबह निवास स्थान से निकलेगी जो शांति घाट में संपन्न होगी। उनके निधन पर समाजजन एवं वार्डवासियों ने शोक व्यक्त किया है।

**न्यायालय श्रीमान् नायब तहसीलदार तहसील भखारा, जिला धमतरी (छ.ग.)**

**// ईस्तहार //**

भखारा दिनांक :-26/12/2025

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम कोसमर्रा को सूचित किया जाता है कि आवेदक महावीर महार पिता स्व. आनंदराम जाति महार निवासी कोसमर्रा तहसील भखारा जिला धमतरी (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वयं महावीर महार की जन्म दिनांक 07/07/1970 को ग्राम कोसमर्रा में होने से जन्म की घटना के पंजीयन हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी को भी आपत्ति हो तो दिनांक 09/01/26 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

नायब तहसीलदार
भखारा
जिला धमतरी (छ.ग.)

नगरी विकासखंड की कई सोसाइटियों में बंद हो सकती है धान खरीदी

# धान उठाव की धीमी गति से संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



राज्य शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी का कार्य 15 नवंबर से लगातार जारी है, किंतु नगरी विकासखंड की कई धान खरीदी सोसाइटियों में धान उठाव की धीमी प्रक्रिया के कारण गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई है। नगरी, सिहावा, सेमरा, बेलर सहित विभिन्न धान खरीदी केंद्रों में बड़ी मात्रा में धान जमा हो गया है, जिससे आने वाले दिनों में खरीदी कार्य बंद होने की आशंका जताई जा रही है।

धान खरीदी प्रारंभ हुए एक माह से अधिक समय बीत जाने के बाद परिवहन की प्रक्रिया शुरू तो हुई, लेकिन उसकी रफ्तार अत्यंत धीमी है। इसका परिणाम यह है कि खरीदी केंद्रों में धान के कट्टों के ढेर लग गए हैं। कई केंद्रों पर जगह की भारी कमी हो गई है, जिससे धान खरीदी प्रभावित हो सकती है।

नगरी सोसाइटी केंद्र में 6 दिसंबर तक धान खरीदी का कार्य तेजी से किया गया। समिति प्रबंधन से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक केंद्र में 61,895 क्विंटल 60 किलो धान की खरीदी की जा चुकी है, जबकि मात्र 17,860 क्विंटल धान का ही परिवहन हो पाया है। वर्तमान में केंद्र में लगभग 44,060 क्विंटल धान शेष पड़ा हुआ है। इस वर्ष नगरी सोसाइटी केंद्र को 1,00,005 क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य शासन द्वारा निर्धारित किया गया है। शासन के निर्देशानुसार 12,000 क्विंटल बफर लिमिट के तहत भंडारण की व्यवस्था की गई है, इसके बावजूद केंद्र में भारी मात्रा में धान जमा होने से भंडारण एवं परिवहन व्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव बना हुआ है।

नगरी सोसाइटी केंद्र के समिति प्रबंधन वासुदेव साहू ने बताया कि धान उठाव की प्रक्रिया लगातार जारी है तथा शेष धान के शीघ्र परिवहन के लिए संबंधित एजेंसियों से समन्वय किया जा रहा है, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और उपार्जन कार्य सुचारु रूप से चलता रहे।

संबंधित अधिकारी नेमीचंद देव ने बताया कि सभी केंद्रों पर धान खरीदी लगातार की जा रही है, लेकिन जिले से अब तक डीओ (डिलीवरी ऑर्डर) जारी नहीं होने के कारण धान का उठाव प्रभावित हो रहा है। यदि शीघ्र डीओ जारी नहीं हुआ, तो आने वाले कुछ दिनों में नगरी विकासखंड की कई सोसाइटियों को धान खरीदी बंद करनी पड़ सकती है।

# आनलाइन जीपीएस सिस्टम से कटी 274 बकायादारों की बिजली

- कटी हुई लाइन की आनलाइन जीपीएस सिस्टम से हो रही निगरानी
- अवैधानिक रूप से विद्युत का उपयोग करते पाये जाने पर होगी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

धमतरी संभाग अंतर्गत बकाया बिजली बिल की वसूली के लिए स्मार्ट मीटर के माध्यम से आनलाइन जीपीएस सिस्टम से लाइन विच्छेदन अभियान आरंभ किया गया है। 274 बकायादारों के विरुद्ध रु. 14.17 लाख बकाया राशि थी, लाइन मौके पर जाए बिना जीपीएस सिस्टम के माध्यम से काटी गई। इनमें से 178 बकायादारों ने तत्काल बकाया राशि रु 10.40 लाख जमा कराया, उनकी लाइन तत्काल आनलाइन चालू कर दी गई।

धमतरी संभाग के कार्यपालन अभियंता अनिल प्रसाद सोनी ने बताया कि बकायादारों के कनेक्शन जीपीएस सिस्टम से उनके परिसर में जाये बिना आनलाइन डिस्कनेक्ट करने की कार्रवाई आरंभ कर दी गई है। बकायादारों की लाइन कटने के पूर्व उनके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर 3 दिन तक मैसेज के माध्यम से बकायादारों को भुगतान हेतु सूचना दी जा रही है। कटी हुई लाइन से कोई भी छेड़छाड़ न करें, इसकी भी आनलाइन निगरानी की जा रही है। अवैध रूप से विद्युत का उपयोग करते पाये जाने पर विद्युत अधिनियम की धारा-138 के तहत एफआईआर दर्ज कराई जायेगी तथा न्यायालय में परिवाद दायर करने की कार्रवाई की जायेगी।

कार्यपालन अभियंता ने उपभोक्ताओं से अपील की कि अपने बिजली का समय पर भुगतान कर सहयोग करें तथा लाइन कटने से होने वाली परेशानी से बचें।

# नवकार महिला मंडल ने गायों को खिलाई रोटी, सब्जी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



नवकार महिला मंडल द्वारा राष्ट्रीय गौशाला में जाकर गायों को गुड़, रोटी, चारा, सभी प्रकार की सब्जी-भाजी गौ माता को खिलाई गई।

राष्ट्रीय गौशाला के कार्यकर्ता एवं मजदूरों को भी तिल्ली, लड्डू वितरित किया गया। मंडल ने कहा कि 33 करोड़ देवी देवताओं में गौ सेवा उच्च सेवा मानी जाती है। गौ रक्षा करना सभी का कर्तव्य है। उनकी देखरेख करना भी हमारा ही फर्ज है। गौ रक्षक और गौ सेवकों का कहना है कि गौ माता को अपने हाथों से खाना खिलाने में मंडल को एक अलग ही खुशी की अनुभूति हुई।

इस अवसर पर संतोष मिनी, कुसुम गोलछा, इंदु, अलका, संजू, दीपा जैन, दीपा छाजेड़, ज्योति भंसाली, कंचन चोपड़ा, शशि पिंचा, सरला भूरा, अनीता, सुमन छाजेड़ समेत मंडल की सभी सदस्य उपस्थित थी।

# राधा-कृष्ण प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होंगे कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव

- यादव समाज सिहावा क्षेत्र के सामाजिक प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



छत्तीसगढ़ यादव समाज सिहावा क्षेत्र के सामाजिक प्रतिनिधिमंडल ने कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव से भेंटकर तुमड़ीबहार में प्रस्तावित सामाजिक भवन लोकार्पण, राधा–कृष्ण मंदिर प्राण प्रतिष्ठा, सामाजिक अधिवेशन एवं जिला स्तरीय सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने आमंत्रण पत्र दिया। प्रतीक चिन्ह भी भेंट किया।

कैबिनेट मंत्री ने समाज की मांग को सहर्ष स्वीकार करते हुए 9 फरवरी को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने की सहमति प्रदान की।

यादव समाज सिहावा क्षेत्र के अध्यक्ष गोवर्धन यादव एवं संगठन मंत्री ने बताया कि धमतरी जिले के सप्तऋषि धराधाम, मुचकुंद ऋषि की तपोभूमि तुमड़ीबहार (नगरी) में 9 फरवरी को राधा कृष्ण मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन को लेकर यादव समाज सिहावा क्षेत्र द्वारा जोर-शोर से तैयारियां की जा रही हैं।

प्रतिनिधिमंडल में जिला युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष दिनेश यादव, उपाध्यक्ष जीवन यादव, सलाहकार सुनाराम यादव, परिक्षेत्रीय सचिव गजानंद अहीर, माखनलाल यादव, युवा उपाध्यक्ष सिहावा क्षेत्र, युवा अध्यक्ष भोथली परिक्षेत्र देवचरण यादव सहित प्रकाश यादव, माधव यादव, जीवनलाल यादव, पुनारद यादव शामिल रहे।

# बाउंड्रीवाल निर्माण से मुक्तिधाम परिसर रहेगा सुरक्षित

- आमदी के मुक्तिधाम में विधायक निधि से बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आमदी(धमतरी)



नगर पंचायत आमदी में विधायक ओंकार साहू द्वारा विधायक मद से स्वीकृत मुक्तिधाम बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया।

इस अवसर पर विधायक ओंकार साहू ने कहा कि मुक्तिधाम समाज का अत्यंत संवेदनशील और महत्वपूर्ण स्थल होता है। यहां आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का होना प्रत्येक नागरिक की आवश्यकता है। बाउंड्रीवाल निर्माण से मुक्तिधाम परिसर सुरक्षित रहेगा, असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगेगी तथा स्वच्छता व्यवस्था भी बेहतर होगी। इससे आमजन को अंतिम संस्कार जैसे कठिन क्षणों में सुविधा एवं सम्मानजनक वातावरण प्राप्त होगा।

विधायक श्री साहू ने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं। नगर पंचायत आमदी सहित पूरे विधानसभा क्षेत्र में सड़क, भवन, पेयजल, स्वच्छता और अन्य आधारभूत संरचनाओं के विकास कार्य प्राथमिकता के साथ किए जा रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि जनभावनाओं के अनुरूप विकास कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

नगर पंचायत प्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों ने मुक्तिधाम बाउंड्रीवाल निर्माण की स्वीकृति के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया। मौके पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मनोज साहू, ऋषभ ठाकुर, भूषण साहू, व्यासनारायण साहू, पारसमणि साहू, चितेंद्र साहू, तोषण साहू, कविता साहू, खेमलाल पटेल, गजेन्द्र साहू, हिमांशु साहू समेत बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

# मड़ई हमारी सांस्कृतिक विरासत : लेखराम

- भोथली के मड़ई मेले में पूर्व विधायक समेत पूर्व दुग्ध महासंघ अध्यक्ष हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



ग्राम भोथली में मड़ई मेला कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक लेखराम साहू एवं विशेष अतिथि पूर्व दुग्ध महासंघ अध्यक्ष विपिन साहू, ब्लॉक कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष घनश्याम साहू, सरपंच शिवरात्रि ध्रुव सरपंच, पूर्व सरपंच हुलासराम साहू थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लेखराम साहू कहा कि हमारे प्रदेश में मड़ई का इतिहास सैकड़ों वर्ष पुराना है। बोलचाल की सामान्य भाषा में मड़ई शब्द का अर्थ मेलजोल व भेंट है। मड़ई हमारी सांस्कृतिक विरासत है जिसे हम एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक हस्तांतरित करते हुए चले आ रहे हैं। विपिन साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ का मेला मड़ई धर्म, कर्म व संस्कृति की महत्ता को अपने साथ लिए हुए आदिकाल से चला आ रहा है। इस दौरान इष्ट मित्रों से भेंट भी हो जाती है। मड़ई मेला छत्तीसगढ़ के ग्रामीण जीवन और त्योहारों का प्रतिबिंब है। घनश्याम साहू ने कहा कि भोथली में कई पीढ़ियों से मड़ई मेला का आयोजन होते आ रहा है। गांव के सभी देवी देवताओं की पूजा-अर्चना कर इसे त्योहार के रूप में मनाते हैं। इस दौरान नौलख राम, प्रहलाद साहू, पुरुषोत्तम साहू, सहदेव राम, रामकृष्ण कुमार साहू, कुबेर, हेमलाल साहू, कामेश्वरी, शकुन बाई सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# डोमा के श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धालुओं ने सुनी कपिल अवतार, ध्रुव चरित्र की कथा





हरिभूमि न्यूज ⏭ भखारा

आदर्श ग्राम डोमा में 4 से 12 जनवरी तक श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। कथाव्यास पंडित आलोक किशोर तिवारी ने कपिल अवतार, सती, एवं ध्रुव चरित्र की कथा सुनाई। श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन अपने पूर्वजों स्व. चंदूलाल बनपेला, स्व. श्रीमती सुरजा बाई बनपेला, स्व. दयासागर बनपेला की स्मृति में प्रकाशवती बनपेला, ज्ञानसागर बनपेला, वर्षा बनपेला, विनीता, भाविका, वैष्णवी बनपेला द्वारा किया गया है। कार्यक्रम में हेमलाल, हरिराम, पोखराज, ज्ञातव्य, विनोद संदीप, दिलीप, तरूण समेत ग्रामीण जुटे हैं।

# स्वयंसेवकों को दी पशुओं के टीकाकरण, बधियाकरण की जानकारी

- एनएसएस शिविर के तहत डाभा में निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहंदी द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय शिविर के तहत रविवार को पशुधन विकास विभाग के सौजन्य से ग्राम डाभा मे एक दिवसीय निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान लोगों और स्वयंसेवक छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह देखा गया। इस दौरान स्वयंसेवकों को पशु चिकित्सकों द्वारा पशुओं में होने वाले रोगों की पहचान, टीकाकरण, बधियाकरण करके दिखाया गया।

विभाग द्वारा पशु उपचार 35 दवाई वितरण 42 कृमिनाशक दवापान 55 जूं किलनी दवा छिड़काव 58 बधियाकरण 12 गर्भपरीक्षण 4, लाभान्वित ग्राम 1 लाभान्वित कृषक 35 रहा। बौद्धिक परिचर्चा के दौरान खिलेश्वर साहू द्वारा पशु स्वास्थ्य पशु संवर्धन पशुओं की नस्ल सुधार समय-समय पर टीकाकरण के बारे में विस्तार से समझाया गया। डेमन साहू द्वारा मोबाइल वेटनरी यूनिट के कार्यों के बारे में बताया गया। शिविर सफल बनाने मे विभाग से खिलेश्वर साहू सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, मोबाइल यूनिट से डेमन साहू,वे दराम साहू, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी श्री साहू, बीएल नेताम, कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता पुरूषोत्तम यादव, दिलीप यादव, कोटवार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों का योगदान रहा।

विद्यार्थियों की उद्यमिता एवं मूल्य संवर्धन की भावना को मिला प्रोत्साहन

# कृषि महाविद्यालय कुरुद में ऑयस्टर मशरूम उत्पाद प्रदर्शनी लगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कुरुद में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा आयोजित ऑयस्टर मशरूम उत्पाद प्रदर्शनी का कार्यक्रम उत्साहपूर्वक हुआ। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों में व्यावहारिक ज्ञान, कौशल विकास, स्वरोजगार एवं मूल्य संवर्धन की समझ विकसित करना रहा।

कार्यक्रम का आयोजन डॉ. नवनीत राणा अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय के मार्गदर्शन तथा श्रीमती भूमिका हत्गिया के निर्देशन में किया गया। प्रदर्शनी को व्यवहारिक एवं प्रभावी स्वरूप प्रदान करने में पशु सखियों की सहभागिता सराहनीय रही। प्रदर्शनी में ऑयस्टर मशरूम से तैयार किए गए विभिन्न मूल्यवर्धित उत्पादों जैसे मशरूम बड़ी, मशरूम पापड़, मशरूम अचार, मशरूम पकौड़ा, मशरूम पुलाव, मशरूम सूप, मशरूम पाउडर, मशरूम चिक्की, बिजौरी सहित अन्य उत्पादों को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया। इन उत्पादों के माध्यम से जनसमूह को पोषण सुरक्षा, कम लागत में आय सृजन एवं उद्यमिता के अवसरों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में डॉ. पीएल जॉनसन, डॉ. दीपक ठाकुर, डॉ. हरीश कुंवर सहित महाविद्यालय के अन्य शिक्षकगण एवं स्टाफ की उपस्थिति रही। अतिथियों ने विद्यार्थियों के नवाचार, टीमवर्क एवं रचनात्मक प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन कृषि शिक्षा को रोजगारोन्मुख बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, समर्पण एवं समन्वय से यह आयोजन सफल रहा, जिससे कृषि शिक्षा में नवाचार, मूल्य संवर्धन एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण को नई दिशा मिली।

# सेनचुवा में शाकंभरी जयंती मनाई गई



हरिभूमि न्यूज ⏭ डांडेसरा(धमतरी)

कोसरिया मरार पटेल समाज ग्राम सेनचुवा द्वारा मां शाकंभरी जयंती उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस दौरान पटेल परिवार ने पूजा-अर्चना की। तत्पश्चात खीर-पूड़ी एवं प्रसादी का वितरण किया गया।

इस अवसर पर तुकाराम पटेल, आनंद पटेल, रामानंद पटेल, रेखू पटेल, तीजूराम पटेल, कामता पटेल, कोमल, शत्रुहन पटेल, शिव पटेल, घुरउ पटेल, देवगुण पटेल, अनूप पटेल, गौतम पटेल समेत अन्य उपस्थित थे।

## मार्च 2026 तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश

# महानदी मुख्य नहर पर पुल निर्माण का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने रुद्री के समीप महानदी मुख्य नहर पर बनाए जा रहे पुल निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और मौके पर पहुंचकर कार्य की प्रगति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्माण कार्य में आ रही बाधाओं को शीघ्र दूर करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने मार्ग में लगे विद्युत पोल को हटाने की कार्रवाई शीघ्र पूर्ण कराने तथा पुल निर्माण कार्य को मार्च 2026 तक हर हाल में पूरा करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि बेंद्रानवागांव चौक से बांध तक पहुंचने वाली सड़क का प्रस्ताव तैयार कर कार्यालय को भेजा जाए, ताकि उसे बजट में शामिल कराया जा सके। साथ ही बरॉज से अछोटा तक पहुंच मार्ग को भी इसी प्रस्ताव में शामिल करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कहा कि इस पुल के निर्माण से रुद्री, बेंद्रानवागांव, अछोटा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी। पुल बनने से लोगों को आने जाने में आसानी होगी। समय और ईंधन की बचत होगी तथा क्षेत्र के आर्थिक विकास को गति मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि पुल से पर्यटन स्थल रुद्री बरॉज तक पहुंच सुगम होगी, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। कलेक्टर ने सुरक्षा की दृष्टि से प्रोटेक्शन वॉल निर्माण को भी बजट में शामिल करने हेतु प्रस्ताव उच्च कार्यालय को भेजने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जनसुविधा और यातायात की सुगमता को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक कार्य समय सीमा में पूर्ण किए जाएं। अधिकारियों ने बताया कि उक्त पुल निर्माण की कुल लागत 534.30 लाख रुपये है, जिसमें से लगभग 75 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरा कर लिया जाएगा। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग कुरेशिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# मोबाइल से उपस्थिति लेना शिक्षकों की निजता का हनन

- टीचर्स एसोसिएशन ने स्कूल में बायोमेट्रिक मशीन, इंटरनेट सुविधा, लैपटॉप प्रदान करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी





छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मोबाइल एप के माध्यम से शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज कराने के निर्णय पर कड़ा विरोध जताया है। प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव और संचालक को पत्र लिखकर प्रत्येक विद्यालय में बायोमेट्रिक (पंच) मशीन और स्थायी इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि निजी मोबाइल से शासकीय उपस्थिति दर्ज कराना व्यवहारिक नहीं है और यह शिक्षकों की निजता व वित्तीय सुरक्षा से जुड़ा गंभीर विषय है।

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. भूषणलाल चंद्राकर ने कहा कि शिक्षकों के मोबाइल निजी हैं और उन पर शासकीय एप का दबाव निजता के अधिकार का उल्लंघन है। यदि शासन बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली लागू करना चाहता है तो इसके लिए आवश्यक संसाधन स्कूलों में उपलब्ध कराना चाहिए। मोबाइल एप से उपस्थिति लेने से यह भी प्रतीत होता है कि शासन को अपनी निरीक्षण व्यवस्था पर भरोसा नहीं है। उन्होंने बताया कि जिले में कई शिक्षक साइबर ठगी का शिकार हो चुके हैं। फर्जी अधिकारी बनकर कॉल करने के मामले बढ़ रहे हैं, ऐसे में निजी मोबाइल पर शासकीय एप का दबाव शिक्षकों को और अधिक जोखिम में डालता है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने मांग की है कि प्रत्येक विद्यालय में बायोमेट्रिक मशीन, इंटरनेट सुविधा और शासकीय कार्य हेतु एक लैपटॉप प्रदान किया जाए। एसोसिएशन ने स्पष्ट किया कि शिक्षक सुधार के विरोधी नहीं हैं, लेकिन बिना सुरक्षा और विश्वास के थोपी गई व्यवस्था स्वीकार्य नहीं है।

# कुशल युवा ही सशक्त समाज और मजबूत राष्ट्र निर्माण की नींव : मिश्रा



- युवा संवाद कार्यक्रम में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा हुए शामिल, दिया आत्मनिर्भरता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏩कुरूद

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा कुरूद विकासखंड में प्रथम एजुकेशन संस्था द्वारा आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। यह कार्यक्रम युवाओं को कौशल विकास से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके युवाओं ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि किस प्रकार कौशल प्रशिक्षण ने उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है।

कलेक्टर मिश्रा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी ने कौशल अर्जित कर लिया है, अब समय है कि अपने आसपास के अन्य युवाओं को भी इससे जोड़ें। उन्होंने कहा कि कुशल युवा ही सशक्त समाज और मजबूत राष्ट्र के निर्माण की नींव होते हैं, इसलिए सभी को आगे बढ़कर अपनी भूमिका निभानी चाहिए। अवसर पर कलेक्टर ने प्रथम एजुकेशन समीक्षा द्वारा संचालित 15 स्कूटी दीदियों के ड्राइविंग प्रशिक्षण का भी अवलोकन किया। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं से चर्चा की और उनके आत्मविश्वास एवं उत्साह की सराहना की। कलेक्टर ने कहा कि महिलाओं का आत्मनिर्भर होना समाज के समग्र विकास के लिए आवश्यक है।

उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा समूह से जुड़ी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए परिवहन एवं बिहान योजना के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जिससे उन्हें आजीविका के नए अवसर प्राप्त हो रहे हैं। इस अवसर पर एपीओ धरसिंह, तकनीकी सहयोग हेतु यूनिसेफ के अभिषेक सिंह तथा जय वर्मा भी उपस्थित थे।

# हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी व्याख्याताओं के ब्लूप्रिंट प्रशिक्षण को स्थगित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



प्राचार्य मंच जिला धमतरी के प्रतिनिधिमंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) अभय कुमार जायसवाल से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व जिलाध्यक्ष टीआर नागवंशी एवं जिला सचिव गेवाराम नेताम ने किया। इस अवसर पर मंच द्वारा छह सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपते हुए विभिन्न शैक्षणिक मुद्दों पर सार्थक चर्चा की गई।

ज्ञापन में कक्षा 8वीं, 10वीं व 12वीं की अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम की ओएमआर शीट में प्रविष्टि को स्थगित करने, हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी व्याख्याताओं के ब्लूप्रिंट प्रशिक्षण को स्थगित, प्री-बोर्ड परीक्षा का आयोजन प्रोजेक्ट व प्रैक्टिकल परीक्षा के बाद करने सहित वीएसके एप को व्यक्तिगत मोबाइल में डाउनलोड कराने के आदेश पर आपत्ति दर्ज की गई। साथ ही बोर्ड परीक्षा परिणाम व शैक्षिक गुणवत्ता सुधार हेतु संस्था प्रमुखों एवं प्राचार्य मंच के सुझावों को शामिल करने तथा सभी जिम्मेदारियों का भार केवल संस्था प्रमुख पर न डालने की मांग की गई। डीईओ ने बताया कि फिलहाल अर्धवार्षिक परिणाम की केवल संख्यात्मक जानकारी ली जा रही है। प्रथम चरण के बाद द्वितीय चरण का ब्लूप्रिंट प्रशिक्षण व 21 जनवरी से प्री-बोर्ड परीक्षा आयोजित करने पर सहमति बनी। बेहतर परिणाम हेतु प्राचार्य मंच के सुझावों को कार्ययोजना में शामिल करने तथा अच्छे कार्यों के लिए प्रोत्साहन देने की भी बात कही गई। बैठक में जिले के बड़ी संख्या में नवपदोन्नत प्राचार्य एवं संस्था प्रमुख उपस्थित रहे।

# कर्मचारी संघ ने विधायक से की भवन निर्माण की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏩कुरूद



छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा धमतरी के पदाधिकारियों ने विधायक अजय चन्द्राकर से मुलाकात कर कुरूद मुख्यालय में कर्मचारी भवन निर्माण की मांग करते हुए भूमि आवंटन एवं स्वेच्छानुदान मद से राशि जारी करने ज्ञापन सौंपा।

मंगलवार को छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष चंदूलाल चंद्राकर, तहसील अध्यक्ष राजेश पाण्डेय, नरेंद्र सिन्हा ने पूर्व मंत्री अजय चन्द्राकर को ज्ञापन सौंपकर बताया कि तहसील इकाई कुरुद क्षेत्र के शासकीय कर्मचारियों के हितों से जुड़ी गतिविधियों, आवश्यक बैठकों और कर्मचारियों के कल्याणकारी कार्यक्रमों के आयोजन हेतु वर्तमान में कुरुद मुख्यालय में स्वयं का भवन उपलब्ध नहीं है। जिसके अभाव में कर्मचारियों को संघ की मासिक एवं आवश्यक बैठकों के आयोजन हेतु उचित स्थान उपलब्ध नहीं होता।

बाहर से आने वाले पदाधिकारियों के ठहरने की व्यवस्था एवं विभागीय कार्यशालाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के संपादन में असुविधा का सामना करना पड़ता है। उन्होंने विधायक से भूमि का आवंटन और विधायक निधि से कर्मचारी भवन हेतु राशि स्वीकृत करने की मांग की। संघ पदाधिकारियों की बात सुन श्री चंद्राकर ने हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। इस मौके पर जिला संरक्षक राजेंद्र चंद्राकर, भावेश चन्द्रवंशी, मकसूदन पटेल, महेन्द्र साहू, उत्तम साहू, पवन बांसकर, मनीष सिन्हा, धनंजय, अविनाश साहू, फनेन्द्र ध्रुव, भीषम साहू, तामेश्वर ठाकुर, छगन साहू, जगदीश साहू मौजूद थे।






## खबर संक्षेप

### बकली में मड़ई 11 को

**सिर्री।** ग्राम बकली में इस वर्ष भी 11 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में लखनपुरी कवर्धा का नाचा कार्यक्रम होगा। यह जानकारी अंकालू राम नगारची ग्रामीण कोषाध्यक्ष ने दी।

### जोरातराई में हिंदू सम्मेलन आज

**अंवरी।** भखारा मंडल के ग्राम जोरातराई अ में 7 जनवरी को हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य अतिथि देवकर साहेब, मुख्य वक्ता शुभम नाग होंगे। अध्यक्षता यशपाल साहू करेंगे। विशेष अतिथि संतोषी साहू होंगी।

### ओपन स्कूल आवेदन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 15 तक

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल के कक्षा दसवीं और बारहवीं परीक्षा का आवेदन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 15 जनवरी निर्धारित है। विलंब शुल्क के साथ आवेदक 16 से 25 जनवरी तक अपना ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। डॉ शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ओपन स्कूल प्रभारी टीआर ध्रुव ने बताया कि इच्छुक आवेदक विद्यालय में कार्यालयीन दिवसों में मुख्य परीक्षा, आरटीडी, अवसर परीक्षा, क्रेडिट योजना एवं श्रेणी सुधार परीक्षा के आवेदन पत्र का प्रिंट जमा कर सकते हैं।

### संस्था एवं कोर्स परिवर्तन की अंतिम तिथि 9 तक

**धमतरी।** शासकीय, अशासकीय आईटीआई, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलीटेक्निक, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में पढ़ने वाले अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के ऐसे विद्यार्थी जो पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति वर्ष 2025-26 के लिए आवेदन करना चाहते हैं, लेकिन ऑनलाइन पोर्टल में संस्था एवं कोर्स परिवर्तन करने की आवश्यकता है, इसके लिए 9 जनवरी अंतिम तिथि निर्धारित की गई है।

### घोठा में गांजा बेचने वाला आरोपी पकड़ा गया



भानुप्रतापपुर। पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि घोठा ग्राम में एक युवक गांजा बेचता है। पुलिस ने जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत ग्राम घोठा डोंगरीपारा में संदिग्ध युवक 35 वर्षीय जयसिंह मरकाम पिता स्व. बैसाखूराम मरकाम को पकड़ा। तलाशी लेने पर प्लास्टिक थैले के अंदर दो अलग-अलग प्लास्टिक झिल्ली में रखा हुआ अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया। तौल करने पर थैला सहित गांजा का वजन 643 ग्राम, सूखा गांजा 236 ग्राम, नमीयुक्त गांजा 380 ग्राम, कुल शुद्ध गांजा 616 ग्राम जब्त किया गया।

---

दोनो पक्षों में हुआ जमकर विवाद, सड़क पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा

# सब्जी बिक्री को लेकर गोलबाजार और घड़ी चौक के विक्रेता भिड़े

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी





शहर में सड़क किनारे सब्जी बिक्री को लेकर मंगलवार शाम उस वक्त माहौल गरमा गया, जब गोलबाजार की सब्जी विक्रेता महिलाएं घड़ी चौक के पास सब्जी बेच रहे विक्रेताओं के विरोध में वहां पहुंच गईं। दोनों पक्षों के आमने-सामने आने से कुछ देर के लिए सड़क पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई और यातायात भी प्रभावित हुआ। इस दौरान झूमाझटकी की नौबत आ गई, हालांकि स्थिति बाद में संभाल ली गई।

जानकारी के अनुसार इन दिनों शहर के कई इलाकों में सड़क किनारे सब्जी बेचने का चलन बढ़ गया है, जिससे मुख्य बाजार में बैठने वाले व्यापारियों का कारोबार प्रभावित हो रहा है। इसी को लेकर मंगलवार की शाम गोल बाजार की सब्जी विक्रेता महिलाएं घड़ी चौक के पास पहुंचीं और वहां सब्जी बेचने पर आपत्ति जताई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और कुछ समय के लिए सड़क पर जाम जैसी स्थिति बन गई।

गोल बाजार की सब्जी विक्रेता इंदिरा, काशी, गणेशी, शीला, अंजू, नर्मदा, उमा, अनीता, नीमा सहित अन्य महिलाओं का कहना है कि घड़ी चौक के पास सब्जी बिकने से ग्राहक गोल बाजार तक नहीं पहुंच पा रहे हैं, जिससे उनका व्यापार लगभग आधा रह गया है। उनका कहना है कि जब नगर निगम ने उन्हें निर्धारित स्थान दिया है, तो अन्य लोग वहां क्यों सब्जी बेच रहे हैं। उन्होंने साफ कहा कि इस स्थान पर सब्जी बेचने नहीं देंगे।

वहीं घड़ी चौक के पास सब्जी बेचने वाले रोशन, राहुल और सीता का कहना है कि नगर निगम द्वारा उन्हें किसी भी प्रकार की स्थायी जगह आवंटित नहीं की गई है। ऐसे में जहां जगह मिलती है, वहां परिवार के भरण-पोषण के लिए सब्जी बेचनी पड़ती है। सस्ती सब्जी बेचने के आरोप पर उन्होंने कहा कि दाम तय करना हर व्यापारी का अधिकार है। यदि निगम उन्हें वैकल्पिक जगह उपलब्ध कराए तो वे वहां चले जाएंगे।

इस मामले में चेंबर ऑफ कॉमर्स के धमतरी अध्यक्ष कैलाश कुकरेजा ने कहा कि नगर निगम का पूरा सिस्टम फेल नजर आ रहा है। निगम को चाहिए कि सब्जी विक्रेताओं को व्यवस्थित करे और सड़क किनारे बैठने वालों के लिए एक निर्धारित स्थान तय करे, ताकि इस तरह की स्थिति न बने।

गौरतलब है कि इन दिनों कलेक्ट्रेट मोड़, रुद्री रोड, रत्नाबांधा रोड, रामबाग सहित कई इलाकों में सड़क किनारे सस्ती सब्जियां बिक रही हैं। मंगलवार को मटर की कीमत बेहद कम होने से मुख्य बाजार का व्यापार प्रभावित हुआ, जिससे व्यापारियों में आक्रोश देखा गया।

## विद्युत दुर्घटना पीड़ितों के आश्रितों को 4-4 लाख की अनुग्रह राशि मिली



हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा विद्युत करंट से मृत व्यक्तियों के आश्रितों को अनुग्रह राशि प्रदान की गई। कंपनी के नियमानुसार विद्युत दुर्घटना में किसी व्यक्ति अथवा पशु की मृत्यु या स्थायी-अस्थायी दिव्यांगता की स्थिति में पात्र हितग्राहियों को सहायता राशि देने का प्रावधान है। ग्राम भोथली निवासी लोमेश ध्रुव की 6 मई 2025 को विद्युत दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनके वैधानिक उत्तराधिकारी एवं पिता तरुण कुमार ध्रुव को 4 लाख रुपये की अनुग्रह राशि धनादेश के माध्यम से 2 जनवरी 2026 को प्रदान की गई। इसी प्रकार 26 जुलाई 2024 को ग्राम पुरी निवासी बृजलाल निर्मलकर की विद्युत दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनके वैधानिक उत्तराधिकारी एवं पुत्र पुनउराम निर्मलकर को आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण किए जाने के पश्चात 6 जनवरी 2026 को 4 लाख रुपये की अनुग्रह राशि धनादेश के माध्यम से प्रदान की गई। अनुग्रह राशि कार्यपालन अभियंता अनिल प्रसाद सोनी द्वारा प्रदान की गई। इस अवसर पर विभाग के अशोक वर्मा भी उपस्थित थे। इस अवसर पर विद्युत विभाग ने विद्युत उपभोक्ताओं एवं पशु मालिकों से अपील की है कि वे विद्युत लाइन एवं उपकरणों से अनावश्यक छेड़छाड़ न करें तथा विद्युत दुर्घटनाओं से बचाव हेतु आवश्यक सावधानियां अवश्य बरतें।

## डिप्टी सीएम से मालकराम ने की मुलाकात



**कुरुद।** प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष और कुरूद भाजपा के प्रतिष्ठित नेता मालकराम साहू ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव से उनके रायपुर स्थित आवास पर भेंट की। यह मुलाकात केवल नववर्ष की बधाई तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसमें सामाजिक समरसता के साथ भावी राजनीतिक गतिविधियों की एक गहरी झलक भी दिखाई दी। सामाजिक शक्ति से राजनीतिक ऊंचाइयों तक लंबे समय से मालकराम साहू ने कुरूद साहू समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया है। उनके नेतृत्व में समाज ने न केवल सांगठनिक मजबूती हासिल की, बल्कि विकास के नए आयाम भी छुए। उपमुख्यमंत्री के साथ उनकी इस आत्मीय चर्चा ने उनके जैसे कद्दावर चेहरे का सरकार के पावर सेंटर के साथ यह सीधा संवाद कुरूद की भावी राजनीति से जोड़कर देखा जा रहा है। अपनी गहरी जड़ों और बेदाग छवि के कारण मालक राम साहू का सियासी ग्राफ लगातार ऊपर की ओर जा रहा है। भेंट के दौरान उपमुख्यमंत्री श्री साव ने भी उनके सामाजिक योगदान के साथ राजनीति में सक्रियता की सराहना की है।

## शाकंभरी जयंती पर महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

**धमतरी।** ग्राम भोथीपार में शाक-सब्जी एवं अन्न की देवी मां शाकम्भरी जयंती श्रद्धा, आस्था और उल्लास के साथ धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर ग्राम की मातृशक्तियों ने हरे रंग की साड़ियां धारण कर शाक-सब्जियों से सजे कलश के साथ कलश यात्रा निकाली। कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों ने पूजा-अर्चना कर मां शाकंभरी से सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। देवी के जयकारों से पूरा गांव गूंज उठा और आपसी भाईचारे व सामाजिक एकता का सुंदर उदाहरण देखने को मिला। लोकगीत व पारंपरिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मौके पर ग्राम विकास समित अध्यक्ष उचित राम साहू , छेदन पटेल, भूषण पटेल, धर्मेंद्र पटेल, डोमन पटेल, देवेंद्र पटेल, उमाशंकर पटेल, रुपसिंह पटेल, लोकेश्वर पटेल, गेंदलाल पटेल, खेमराज पटेल, राधे पटेल, सुनीता पटेल, भारती पटेल भुनेश्वरी पटेल समेत अन्य उपस्थित थे।

## पंच परिवर्तन की विचारधारा से भारत बनेगा विश्व गुरु : ठाकुर

- सर्व हिन्दू समाज रिसाईपारा बस्ती धमतरी नगर ने आयोजित किया हिन्दू सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी




राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर समाज निर्माण की दिशा में संघ द्वारा सात कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं। इसी क्रम में शताब्दी वर्ष के अंतर्गत तृतीय कार्यक्रम के रूप में सर्व हिन्दू समाज रिसाईपारा बस्ती धमतरी नगर द्वारा रविवार को हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता हिन्दू जागरण मंच प्रांत युवा आयाम के दीपक सिंह ठाकुर थे। दीपक सिंह ठाकुर ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना का उद्देश्य हिन्दू समाज को संगठित करना तथा प्रत्येक नागरिक के हृदय में हिंदुत्व की विचारधारा का बीज बोना है। उन्होंने संघ की पंच परिवर्तन की अवधारणा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्व आधारित जीवन और नागरिक कर्तव्य बोध को समाज परिवर्तन का आधार बताया। उन्होंने कहा कि जाति भेद, ऊंच-नीच और अस्पृश्यता से ऊपर उठकर समरस समाज का निर्माण करना समय की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में वार्ड पार्षद मदन नेवरे, रूपचंद नागवानी, लक्ष्मण गौतम, अमरदीप महाजन, विजय ठाकुर, सागर निर्मलकर, रूपेश निर्मलकर, रूपा निर्मलकर सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी एवं मातृशक्तियां उपस्थित रहीं।

## विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम से गांवों की तस्वीर और तकदीर बदलेगी : टंकराम

- प्रदेश के राजस्व मंत्री ने भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकार वार्ता में रखी अपनी बात

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण विकास के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम 2025 लाया गया है, जो देश के गांवों को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। यह अधिनियम किसानों, मजदूरों और गरीबों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कही। श्री वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री बनने के बाद वर्ष 2014 में संसद में अपने पहले भाषण में ही श्री मोदी ने यह स्पष्ट कर दिया था कि उनकी सरकार गरीबों को समर्पित रहेगी। उसी सोच के अनुरूप घर-घर बिजली, शौचालय, आवास, जनधन खाते जैसी योजनाएं लागू की गईं और अब विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम के माध्यम से ग्रामीण भारत को नई दिशा दी जा रही है।

उन्होंने बताया कि यह अधिनियम मनरेगा से अधिक प्रभावी और पारदर्शी है। मनरेगा में जहां 100 दिनों का रोजगार मिलता था, वहीं अब ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों के सुनिश्चित रोजगार की कानूनी गारंटी दी जाएगी। इससे मजदूरों की आय में सीधी बढ़ोतरी होगी। मजदूरी का भुगतान सात दिनों के भीतर किया जाएगा और विलंब होने पर अतिरिक्त राशि मजदूरों को दी जाएगी, जिससे भुगतान में देरी जैसी समस्याओं का समाधान होगा।

राजस्व मंत्री ने कहा कि खेती-किसानी को सुरक्षित रखने के लिए बुवाई और कटाई के समय 60 दिनों तक कार्य रोके जाने का प्रावधान किया गया है, ताकि किसानों को पर्याप्त श्रमिक मिल सकें और कृषि कार्य प्रभावित न हों। इससे ग्रामीण पलायन पर भी रोक लगेगी। साथ ही फर्जी मास्टर रोल, मशीनों के उपयोग और धांधली जैसी शिकायतें समाप्त होंगी और पारदर्शिता बढ़ेगी।

उन्होंने बताया कि अधिनियम के तहत जल सुरक्षा, ग्रामीण अधोसंरचना, आपदा सुरक्षा और आजीविका संवर्धन पर विशेष फोकस रहेगा। जल संरक्षण, सिंचाई, कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन और कौशल विकास को बढ़ावा देकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी रोजगार के नए अवसर सृजित किए जाएंगे।

पत्रवार्ता में श्रीमती किरण बघेल जिला प्रभारी, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, श्रीमती रंजना साहू प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा, अजय चंद्राकर विधायक कुरूद, इंदर चोपड़ा पूर्व विधायक धमतरी, श्रीमती पिंकी शाह पूर्व विधायक नगरी, प्रीतेश गांधी प्रदेश कार्यालय मंत्री, नेहरू निषाद पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष, ठाकुर शशि पवार, श्रीमती अंगिरा ध्रुव एवं श्रीमती कौशल उपस्थित रहीं।

## लक्ष्य को हासिल करने कड़ी मेहनत जरूरी : अनंत

- पीएससी में चयन होने पर मेनोनाईट स्कूल के पूर्व छात्र का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी





छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा संचालित राज्य सेवा परीक्षा 2024 में मेनोनाईट इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल के भूतपूर्व छात्र अनंत गुप्ता ने 26 वीं रैंक हासिल कर अपने परिवार के साथ शाला को गौरवान्वित किया है।

श्री गुप्ता की इस उपलब्धि पर शाला में अभिवादन समारोह का आयोजन किया गया। शाला की असेंबली में शाला प्रबंधन समिति के मैनेजर एमके. मसीह एवं प्राचार्या श्रीमती अनुपमा सिंह ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अनंत गुप्ता के साथ उनकी बहन अवन्तिका गुप्ता की भी उपस्थिति रही जो वर्तमान में गरियाबंद में मजिस्ट्रेट हैं।

अनंत गुप्ता ने शाला के वर्तमान छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि कड़ी मेहनत एवं लगन से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।उन्होंने छात्रों के लक्ष्य पर केंद्रित शिक्षा पर जोर देते हुए भविष्य में आने वाली चुनौतियों का सामना करने की प्रेरणा दी।

## काउंसिलिंग सह पंजीयन 9 को

**धमतरी।** जल जीवन मिशन के तहत जिले के प्रत्येक पंचायत में नलजल मित्र कार्यक्रम के तहत चिन्हित पात्र युवाओं को बहुकौशल प्रशिक्षण प्रदान करने प्रदेश के सभी लाईवलीहुड कॉलेज के माध्यम से मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनान्तर्गत जल वितरण संचालक कोर्स में प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज अबिनाश मिश्रा ने जिले के सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देशित किया है कि वे ऐसे चिन्हित पात्र युवाओं जिनका अब तक नलजल मित्र कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण नहीं हुआ है, उन युवाओं को 9 जनवरी को सुबह 10 बजे लाईवलीहुड कॉलेज में काउंसिलिंग सह पंजीयन के लिए उपस्थित कराना सुनिश्चित करें, ताकि शासन की मंशानुरूप जिले के ग्रामीण क्षेत्र में चयनित नलजल मित्रों का जल्द प्रशिक्षण प्रारंभ किया जा सके।

## मंत्री टंकराम ने पीजी कॉलेज का किया निरीक्षण

- लॉ कॉलेज एवं 200 सीटर डिजिटल लाइब्रेरी प्रस्तावों का लिया जायजा



**धमतरी।** प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा ने धमतरी प्रवास के दौरान बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महाविद्यालय परिसर में प्रस्तावित लॉ कॉलेज तथा 200 सीटर डिजिटल लाइब्रेरी के लिए आरक्षित स्थल का अवलोकन किया।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने मंत्री श्री वर्मा को प्रधानमंत्री उषा योजना के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में प्रस्तावित अधोसंरचना विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित डिजिटल लाइब्रेरी में ई-बुक्स, ई-जर्नल्स, ऑनलाइन शोध डाटाबेस, स्मार्ट रीडिंग जोन, हाई-स्पीड इंटरनेट सुविधा तथा प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित डिजिटल अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। इससे विद्यार्थियों को शोध, स्व-अध्ययन और आधुनिक शैक्षणिक संसाधनों तक सुलभ पहुंच सुनिश्चित होगी। कलेक्टर श्री मिश्रा ने यह भी जानकारी दी कि प्रस्तावित लॉ कॉलेज से जिले के विद्यार्थियों को विधि शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे उच्च शिक्षा के अवसर स्थानीय स्तर पर सुदृढ़ होंगे।

उन्होंने कार्यों के समयबद्ध क्रियान्वयन, गुणवत्ता मानकों के पालन तथा आवश्यक प्रशासनिक प्रक्रियाओं के संबंध में भी अवगत कराया। मंत्री श्री वर्मा ने प्रस्तावित कार्यों की प्रगति की नियमित समीक्षा करने तथा निर्माण गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने महाविद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं से संवाद कर उनकी शैक्षणिक एवं प्रशासनिक समस्याओं को जाना और आगामी शैक्षणिक सत्र में समाधान का आश्वासन दिया। मंत्री ने कहा कि उच्च शिक्षा के विकास के लिए मजबूत अधोसंरचना आवश्यक है, जिससे विद्यार्थियों को आधुनिक, तकनीक-आधारित सुविधाएं प्राप्त हो सकें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर पवन प्रेमी, एसडीएम पीयूष तिवारी, जनप्रतिनिधि प्रकाश बैस एवं महेंद्र पंडित, महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वामी जी-93406-38884
स्पेशल ट्रेन द्वारा
ऑफर केवल 15 जनवरी तक
6 मार्च से 14 मार्च 2026
चांपा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, गोंदिया से होते हुए
रामेश्वरम धाम यात्रा
श्री तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम धाम, कन्याकुमारी, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, स्वर्ण मंदिर (गोल्डन टेंपल) वेल्लोर
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 18,500/-
10 दिन
EX-हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
श्री तुंगनाथ महादेव, श्री त्रियोगीनारायण
20 अप्रैल, 03 मई, 12 मई, 18 मई, 27 मई, 30 मई, 04 जून, 17 जून 2026
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 18,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020